**श्री साबिर अली** (बिहार): सर, मैं स्वयं को इस विषय से संबद्ध करता हूं।

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT COMMUNICATION AND THE MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI KAPIL SIBAL): Sir, I would like to place on record the fact that I have had a very constructive dialogue with the distinguished Chief Minister of Bihar, Nitish Kumarji. We discussed this issue at length. At the end of that, we also appeared before the Press, where Nitish Kumarji himself said, "चर्चा जारी रहेगी।" We are, certainly, on a very construcive dislogue and, I am sure, both of us will agree to a solution which has the support of everyone.

**Exclusion of part of Jammu and Kashmir from Indian Map in E-geography syllabus**

**श्री अविनाश राय खन्ना** (पंजाब): सर, मैं इस विषय को सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि जो ई-जियोग्राफी पढ़ायी जा रही है, उसमें भारत को जो नक्शा है और उसमें जम्मू-कश्मीर को जो पार्ट है, वह पूरा पार्ट उस नक्शे में नहीं दिखाया जा रहा है। सर, अपने देश के महापुरुषों के बारे में, तथ्यों के बारे में, मैप्स के बारे में बार-बार छेड़खानी करके उस जम्मू कश्मीर को, जो एक sensitive स्थान हे, उसके पूरे हिस्से को न दिखाना, देश की जनता के sentiments के साथ एक बहुत बड़ा अन्याय है।

सर, यह बात जब सबके ध्यान में आयी, तो एक स्टेट ने ई-जियोग्रफी को पढ़ाने के लिए आउटसोर्स कर रखा है। जब वे अपने नेट से जियोग्रफी पढ़ाते हैं, तो उसमें भारत को जो नक्शा दिखाया जा रहा है, उसमें से part of Kashmir गायब है। सर, इस बारे में एक बहुत बड़ा एजिटेशन हरियाणा में हुआ, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने के कारण लोगों में बहुत रोष है। कहीं भी भारत के संविधान, भारत के महापुरुषों, भारत का इतिहास या भारत के नक्शों या हमने ऐसा भी देखा की कार्टून्स के माध्यम से भी किस तरह अन्याय करने की कोशिश की गयी, तो उस समय सदन की कार्रवाई रुकी। अगर हम समय रहते इन बातों पर ध्यान नहीं देंगे, तो जो बच्चे आज अपने भारत का नक्शा देख रहे हैं, उनके मन में यही रहेगा की जम्मू कश्मीर का जो भाग छोड़ दिया गया है, वह हमारा नहीं है। हम समझते हैं कि जम्मू कश्मीर हमारे देश का मुकुट है, लेकिन इस तरह की छेड़खानी करके जो मैसेज ये लोग देना चाहते हैं, इनकी सोच को समझना चाहिए। अगर कोई क्लैरिकल मिस्टेक है, तो इसको उस ढंग से लेकर ठीक करना चाहिए, लेकिन अगर इस सोच के पीछे कोई गहरी चाल है, तो इसको इस ढंग से लेकर इसकी पूरी इन्क्वायरी करके दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि आगे से जब ऐसे तथ्य छपें, नेट पर डाले जाएं, अखबारों या किताबों में आएं, तो कम से कम वे पूरी तरह से प्रमाणिक हों और जो बच्चे उसे पढ़ रहे हैं, उनको यह पता लगे कि भारत का नक्शा कहां से लेकार कहां तक है। अगर ऐसी शरारतें हमारे देश से ही होंगी, तो दूसरे देशों को हम क्या कहेंगे। इसलिए मैं चाहूंगा कि इस बात को सीरियसली लेकर भारतीय इतिहास के ऐसे तथ्यों को, भारत के महापुरुषों के साथ या भारत का जो भी authentic map है, उनके खिलाफ कार्रवाई हो, यही मैं सदन से आपके द्वारा विनती करता हूं।

**श्री तरुण विजय** (उत्तराखंड): सर, मैं इस विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री पुरूषोत्तम खोडाभाई रूपाला** (गुजरात): सर, मैं इस विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

DR. BHARATKUMAR RAUT (Maharashtra): Sir, I associate myself with the concern expressed by Shri Avinash Rai Khanna.

SHRI V. P. SINGH BADNORE (Rajasthan): Sir, I also associate myself with the concern expressed by Shri Avinash Rai Khanna.

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** (झारखंड): सर, मैं इस विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री नतुजी हालाजी ठाकोर** (गुजरात): सर, मैं इस विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री भुपेन्द्र यादव** (राजस्थान): सर, मैं इस विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

## Report of nation human rights commion boycott and dalits in 77 villages in Gujarat

**श्री रामविलास पासवान** (बिहार): उपसभाध्यक्ष जी, पिछले सप्ताह 14-15 मई को राष्ट्रीय मानवाधिकर आयोग के अध्यक्ष श्री बालाकृष्णन जी की अध्यक्षता में एक टीम गुजरात गयी थी। वहां उन्होंने दो दिनों तक दौरा किया और उसके बाद यह पाया कि आजादी के 65 सालों के बाद भी यह शर्म की बात है कि गुजरात जैसे राज्य में ऐसे 77 गांव हैं जहां से दलितों को बहिष्कृत कर दिया गया है और उनको दबंगों तथा ऊंची जाति के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।...(**व्यवधान**)...

SHRI BALBIR PUNJ (Odisha): Sir, can the hon. Member authenticate the information?

SHRI RAM VILAS PASWAN: Yes, I authenticate the information. I have given in writing. I am not a new Member of Parliament. Please... (*Interruptions*) Sir,...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): He is authenticating it. (*Interruptions*)

**श्री रामविलास पासवान**: सर, मैं स्वयं बनथल गांव गया हुआ था। हमारे साथ श्री मुकेश गुर्जर, जो कि हमारी पार्टी के अध्यक्ष हैं, वहां गये थे...(**व्यवधान**)... सर, वहां बनथल गांव है।...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): He has said that he is authenticating. (*Interruptions*) He is allowed. (*Interruptions*)

SHRI RAM VILAS PASWAN: Yes, I have authenticated it. You can move a Privilege Motion against me. (*Interruptions*) I have authenticated it.